श्री सभापति:सरकार से मेरा आग्रह है कि इसका उत्तर एक सप्ताह में दिया जाए। माननीय सदस्या के पास भी भेजा जाए और इसकी जानकारी मुझे भी दी जाए।

श्रीमती सरोज दुबे: आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्रीमती सरला माहेश्वरी: बहुत-बहुत धन्यवाद। एक दूसरा पोइंट है।

श्री सभापति: अब आप बैठिए न, धन्यवाद देने के बाद में बोलने का आधिकार खत्म हो जाता है। बैठिए।

श्रीमती सरला माहेश्वरी: सभापति जी, एक दूसरी बात बताना चाहती हूं।

सभापति: नहीं।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI O. RAJAGOPAL): Sir, I will convey to the concerned Minister the feelings of all the Members of the House, particularly the women Members.

श्रीमती सरला माहेश्वरी: ओजागिरी को मान्यता मत दीजिए। **...(व्यवधान)...**

श्री सभापति: आप ज्यादा ओझा-ओझा बात करोगी तो लोग यह समझेंगे कि मान्यता देकर जो लाभ उठाया जा सकता है उससे हम वंचित रह जाएंगे।

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI) in the Chair]

Need to stop construction of shopping mall at the backdrop of Rajghat

SHRI RAJU PARMAR (Gujarat): Sir, the Samadhi of Mahatma Gandhi at Rajghat is to have a facelift. The Indian Institute of Public Administration, IIPA, have submitted a detailed proposal for construction of a shopping mall and a cafeteria at the backdrop of Rajghat. I fail to understand what is wrong with the present design of Rajghat. Sir, Rajghat has a remarkable simplicity and any move to construct a shopping mall will prove to be disastrous. As the Government have stopped construction activity of a heritage corridor at the Taj, I would request the Government to stop this proposal, also, forthwith and take stern action against those who have floated this project; otherwise, it will prove to be another Taj-like scandal.

As the hon. Minister, Shri Jagmohan, is here, I want an assurance that such a proposal will not be allowed, and you will not allow the shopping mall and cafeteria at Rajghat.

THE MINISTER OF TOURISM AND CULTURE (SHRI JAGMOHAN): This is with the Urban Development Ministry. I will communicate your views to them. Your views are correct. This area falls under 'Green Area' and the land use can't be allowed, they can't construct that.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI) : Please convey this to the concerned Minister.

श्री बालकवि बैरागी (**मध्य प्रदेश**): सर, मैं इससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी)**:** गंभीर मामला है, सभी लोग सम्बद्ध कर रहे हैं।

Need to eradicate Polio from the country

श्री मोती लाल वोरा (छत्तीसगढ़)**:** माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से भारत में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम की दशा का उल्लेख कर रहा हूं। देश में पोलियो अन्मूलन के कार्यक्रमों में करोड़ो रुपये खर्च करने के बाद भी पल्स पोलियो का अभियान अधूरा सिद्ध हुआ है। जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन की हाल ही मे सम्पन्न बैठक में भारत के पोलियो कार्यक्रम के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की गई है। देश में पोलियो के रोगियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत तीन-चार राज्यों को छोड़कर शेष अन्य राज्यों में अवश्य प्रगति हुई है। उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां पोलियो के रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश में दुनिया के 66 प्रतिशत पोलियो के मरीज मौजूद हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत वर्ष का उल्लेख दुनिया में पोलियो रोगियो की संख्या में सर्वाधिक रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रलाय की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिहन लग गया है। क्या स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय कोई ठोस कदम उठायेगी। धन्यवाद।

Tardy implementation of railway projects in tribal and adivasi areas of Maharashtra

SHRI VIJAY J. DADRA (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, my Special Mention pertains to provision/modernisation of Railway infrastructure to give a greater fillip to the economic development and industrial growth in comparatively backward, tribal adivasi regions of Maharashtra.